J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

(formerly YMCA University of Science and Technology)

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

NEWS CLIPPING: 15.03.2020

HINDUSTAN

पाठ्यक्रम पूरा करवाने के लिए विभाग ने बनाई योजना, कहीं लाइव क्लासेज तो कहीं शेयर होंगे पढ़ाई के खास वीडियो

छुट्टियों में व्हाट्सएप, यूट्यूब से घर बैठे पढ़ाई करेंगे छात्र

फैसला

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

छुट्टियों में कहीं लाइव वीडियो के जरिए छात्र विभिन्न विषयों के पाठ पढ़ेंगे तो कहीं व्हाट्सएप पर क्लास लेंगे, वहीं यूट्यूब की मदद से पाठ्यक्रम को पूरा कर सकेंगे। राज्य सरकार के आदेश पर स्कूल और कॉलेज बंद होने के बाद शिक्षण संस्थानों ने योजना बनाई है।

सरकार ने भले ही 31 मार्च तक छुट्टी घोषित कर दी है, लेकिन लंबी छुट्टियों के चलते पाठ्यक्रम पूरा करने में परेशानी ना हो और छात्र घर बैठे पढ़ाई जारी रखे सकें। कॉलेजों में डिजिटल कक्षाएं जारी रहेंगी।

ई-लिंक और डिजिटल कंटेंट से होगी पढ़ाई: जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए में छुट्टियों के दौरान शिक्षक छात्रों से विभिन्न विषयों के ई-लिंक शेयर करेंगे। विभिन्न विषयों का पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए ईमेल और व्हाट्सएप के जरिए डिजिटल कंटेंट भी मुहैया कराया जाएगा।

लाइव क्लास लगेंगी

पलवल के दूधौला स्थित श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में लाइव क्लास की योजना तैयार की गई है। कुलपति राज नेहरू ने बताया कि सभी कोर्स के लिए लाइव क्लास लगाने का फैसला लिया है। छात्र हॉस्टल या घर कहीं से भी लॉगिन कर लेक्चर ले सकेंगे। छुट्टियों में पढ़ाई पर असर ना पड़े और पाठ्क्रम समय पर पूरा हो सके इसलिए डिजिटल क्लास जारी रखेंगे। ये क्लास रिकॉर्ड की जाएंगी। छात्रों के संग वीडियो भी साझा होंगे।

व्हाट्सएप पर करिकुलम के वीडियो होंगे साझा

स्कूलों में भी व्हाट्सएप पर पढ़ाई पूरी होगी। स्कूल प्रबंधकों की ओर से अभिभावकों को भेजे संदेश में बताया गया है कि शिक्षक छुट्टियों में प्रस्तावित पाठ्यक्रम के वीडियो साझा करेंगे। घर पर अभिभावक छात्रों को वीडियो की मदद से पढ़ाई करवाएं। स्कूल खुलने पर उन्हें पुनरावृत्ति करवाई जाएगी। राजकीय कॉलेजों में भी पाठ्यक्रम से जुड़ी पाद्य सामग्री, प्रोजेक्ट, असाइनमेंट आदि व्हाट्स एप साझा किए जाएंगे।

कॉलेजों में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर रद्द

कॉलेजों में लगने वाले एनएसएस के सात दिवसीय शिविर भी रद्द कर दिए गए हैं।एनएसएस अधिकारियों को इस बारे में सूचना जारी की है। जानकारी दी गई है, कि कॉलेजों में चल रहे एनएसएस शिविर तत्काल रद्द किए जाते हैं। 31 मार्च तक प्रस्तावित सभी शिविर फिलहाल रद्द करने के निर्देश दिए गए हैं। संस्थानों में दीक्षांत समारोह, कार्यशाला आदि भी 31 मार्च तक स्थगित हो चुके हैं।